प्रेस नोट **10/04/2024**

जलसाजी मामले में वांछित शातिर एक अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 50,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपरधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.04.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर ढेकुलियाघाट के पास से मु0अ0सं0 77/24 धारा 406,506 भादवि में अभियुक्त मनीष यादव पुत्र राजमोहन यादव निवासी मझौली थाना हलधरपुर जनपद मऊ के कब्जे से 50,000 रुपये के साथ घटना कारित करनें में प्रयुक्त एक अदद कार स्वीफ्ट डिजायर (युपी54एडब्लू0339) बरामद कर गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया बरामद कार को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अभियुक्त मनीष यादव पुत्र राजमोहन यादव निवासी मझौली थाना हलधरपुर जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. 50,000 रुपये।
2. एक अदद कार स्वीफ्ट डिजायर (युपी54एडब्लू0339)।

28 पाउच(5.6 ली0) अवैध देशी शराब के साथ एक शातिर गिरफ्तार-

आज दिनांक 10.04.2024 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर काठतराव सम्मेनाथ रोड के पास से मु0अ0सं0 31/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियुक्त मंगलदेव पुत्र स्व0 रामबचन निवासी बासतराव थाना रामपुर जनपद मऊ के कब्जे से 28 पाउच (5.6लीटर) अवैध देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आगामी लोक सभा समान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 10.04.2024 को थाना मुहम्मदाबाद में श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद द्वारा ग्राम चौकीदारों की गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे। इस दौरान सभी वार्ताकर उनकी समस्याओं आदि के सम्बन्ध में पूछा गया तथा लोक सभा चुनाव सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये सभी को अवगत कराया गया। साथ ही साथ अपने–अपने ग्राम सभा में छोटी–छोटी घटनाओं, राजनीतिक विद्वेष, अवैध शराब/गांजा, विभिन्न अपराधों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा अतिशीघ्र सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।